नवोदय टाइम्स
SUN,31 AUGUST 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 3

# मेजर ध्यानचन्द की पुण्य जयंती मनाई

## ■ ईएसआईसी में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



*खेल दिवस पर सामूहिक रूप से खडा स्टाफ।*

गुड़गांव, 30 अगस्त (ब्यूरो): भारत सरकार, खेल विभाग, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की पुण्य जयंती के अवसर पर ईएसआईसी कार्यालय में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

खेल मंत्रालय द्वारा जारी टैगलाइन हर गली, हर मैदान खेले सारा हिन्दुस्तान व चले भी, खेले भी, खेलेगा देश खिलेगा देश जैसे स्लोगन लिखे गए। स्वस्थ भारत अभियान के उद्देश्य को साकार करने के लिए कार्यालय में खेल गतिविधियों का शुभारंभ कार्यालय प्रमुख सुनील यादव-निदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता में किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में हॉकी सम्राट मेजर ध्यानचन्द को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने फिट इंडिया शपथ ली। सुनील यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल भारतीय एकता व अखंडता के प्रतीक है। हमें खेलों एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों में जरुर भाग लेना चाहिए। इनसे हमारा शरीर, मन व मस्तिष्क स्वस्थ रहता है जिसके कारण हम अपने आप को तरो-ताजा व तनाव मुक्त महसूस करते है। इसके उपरांत विभिन्न इंडोर व आउटडोर खेल गतिविधियों जैसे टेबल टेनिस, कैरम, चैस, रस्साकसी, प्लैंक, निम्बू-चम्मच दौड़, बैडमिंटन व क्रिकेट का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय के सभी कार्मिकों ने उत्साह उल्लास से भाग लिया।